**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल :controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट :www.. ggu.ac.

**Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,**
:entral University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.in


---

कमांकः– 392 / परीक्षा / NAD / 2019 बिलासपुर , दिनांकः 01.01.2019

प्रति,

समस्त अधिष्ठातागण, समस्त अध्ययनशालायें,
समस्त विभागाध्यक्षगण, समस्त शैक्षणिक विभाग,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर ( छ.ग.)

विषय :– **''राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार'' ( National Academic Depository) में विश्वविद्यालय के छात्र / छात्राओं की सुविधा एवं सहभागिता हेतु उन्हें NAD-NSDL Portal पर पंजीकरण करने हेतु प्रेरित करने तथा इससे संबंधित जानकारियॉ अंतिम परीक्षा की अंक सूची सहित परीक्षा शाखा में जमा कराने के संबंध में ।**

**महोदय / महोदया,**

नूतन वर्ष 2019 की हार्दिक शुभकामनाओं सहित कृपया अवगत होना चाहें कि भारत सरकार के अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी कार्यकम ''डिजिटल इंडिया'' के एक अंग के रूप में भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा ''राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार'' (National Academic Depository) योजना प्रवर्तित की गई है जिसके अंतर्गत विभिन्न छात्र / छात्राओं के शैक्षणिक रिकार्ड / प्रमाण पत्र / उपाधियॉ इत्यादि डिजिटलाईज्ड रूप में 24 घंटे सातों दिन NAD Portal पर उपलब्ध रहेंगे जिन्हें संबंधित छात्र / छात्रायें किसी भी समय NAD-NSDL Portal पर प्रवेश (Login) कर अवलोकन कर सकते है तथा 27 वर्ष की उम्र तक एक बार निःशुल्क Download कर प्रिंट भी निकाल सकते है ।

उक्त सुविधा का लाभ छात्र / छात्रा तभी उठा सकेंगे जब वे NAD-NSDL Portal पर अपना पंजीकरण कर 16 अंकीय पंजीकरण संख्या की जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा में जमा करें अपनी अंतिम वर्ष की अंक सूची, जिससे की उनकी उपाधि का संबंध संबंध है,

विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में जमा करें । जो छात्र/छात्रा अपना पंजीकरण कर 16 अंकीय पंजीकरण संख्या की जानकारी विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा मे, अपनी अंतिम वर्ष की अंक सूची सहित जमा करेंगे या फिर निम्नलिखित ई–मेल पते पर स्कैन कर प्रेषित करेंगेः– drggvjha@gmail.com/hnc.jrggv@gmail.com/nadoffice@gmail.com उन छात्र छात्र/छात्राओं की उपाधियों से संबंधित ई–सर्टिफिकेट उनके अकाउंट से लिंक कर दिए जायेंगे जिसे संबंधित छात्र/छात्रा बिना किसी आवेदन के, 27 वर्ष की उम्र तक बिना किसी शुल्क के, देख भी सकेंगे और पीडीएफ प्रति के रूप में एक बार डाउनलोड भी कर सकेंगे ।

अतः कृपया आपके विभाग में अध्ययनरत् एवं पूर्व छात्र/छात्राओं को National Academic Depository से संबंधित Website www.nad.gov.in के माध्यम से NAD-NSDL Portal पर पंजीकरण कर अकाउंट स्थापित करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रेरित करने का कष्ट करें ताकि वे इस सुविधा का लाभ उठा सकें ।

NAD-NSDL Portal पर पंजीकरण किये जाने से संबंधित समस्त जानकारियॉ उक्त बेवसाइट पर विस्तार से उपलब्ध है तथा इस पर बहुत ही आसानी से संबंधित छात्र/छात्राओं द्वारा यह कार्य किया जा सकता है ।

कृपया इस कार्य हेतु उन्हें अधिकाधिक संख्या में प्रेरित करें तथा वर्तमान सत्र के पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं को कृपया सूचित करेंगे की वे उक्त कार्यवाही उनके पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा समाप्त होने तक आवश्यक रूप से कर लेंगे ताकि आगामी अंतिम वर्ष की परीक्षा उपरांत जब भी विश्वविद्याल NAD-NSDL Portal पर उनकी परीक्षा से संबंधित डाटा अपलोड करें तो उन्हें उनके उपाधि पत्र यथा समय ई–सर्टिफिकेट के रूप में उपलब्ध हो सके ।

वर्तमान में विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा के द्वारा सत्र 2015–16 (अंतिम परीक्षा वर्ष 2016), सत्र 2016–17 (अंतिम परीक्षा वर्ष 2017) एवं सत्र 2017–18 (अंतिम परीक्षा वर्ष 2018) की परीक्षाओं से संबंधित डाटा NAD-NSDL Portal पर Live Production में Upload किये जा चुके है तथा अनेक छात्र/छात्राओं के द्वारा अपने पंजीयन कर जानकारी ई–मेल के माध्यम से परीक्षा शाखा को प्रेषित की जा रही है जिससे उनके उपाधि से संबंधित ई–सर्टिफिकेट उन्हें उसी दिन अकाउंट में प्राप्त भी हो रहें है ।

अतः कृपया उक्त तथ्यपरक सूचना एवं प्रक्रिया को छात्र समुदाय के मध्य अधिकाधिक प्रसारित करने का कष्ट करं ताकि वे इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठा सके।

उक्त तीन सत्रों के स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधियॉ, पत्रोपाधियॉ तथा वर्ष 2017 में आयोजित षष्टम तथा वर्ष 2018 में आयोजित सप्तम दीक्षांत समारोह में वितरित शोध उपाधियॉ

भी ई–सर्टिफिकेट के रूप में विश्वविद्यालय ने कुल 6253 उपाधियॉ NAD-NSDL Portal पर अपलोड कर दी गयी है अतः संबंधित छात्र अपना पंजीकरण NAD-NSDL Portal पर उक्त प्रकिया से कर इन्हें ई–सर्टिफिकेट के रूप में 27 वर्ष की आयु तक निःशुल्क, बिना किसी आवेदन के अपने अकाउंट के माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने में ऑनलाईन प्राप्त कर सकते है ।

यहां यह भी सूचित करना है कि NAD की योजना में छात्र/छात्राओं को सुविधा प्रदान किये जाने के अतिरिक्त भी यदि संबंधित छात्र/छात्रा को किसी रोजगार में नियोजन होने की स्थिति में संबंधित नियोजक भी दुनिया के किसी भी कोने में ऑनलाईन संबंधित ई–सर्टिफिकेट का सत्यापन भी कर सकेंगे किंतु इस हेतु संबंधित नियोजक को भी NAD Portal पर अपना पंजीयन करना होगा तथा संबंधित छात्र/छात्रा अपने अकाउंट के माध्यम से अपने नियोजक को उनके ई–सर्टिफिकेट के सत्यापन हेतु अधिकृत किया जाना होगा, इस प्रकिया से संबंधित जानकारी विस्तार से NAD की वेबसाइट पर उपलब्ध है किंतु जब तक संबंधित छात्र/छात्रायें NAD-NSDL Portal पर अपना पंजीकरण करके पंजीकरण संख्या को अंतिम वर्ष की अंक सूची सहित परीक्षा शाखा को प्रेषित नहीं करेंगे तब तक उनके उपाधियों से संबंधित ई–सर्टिफिकेट उनके अकाउंट से लिंक नहीं हो सकेंगे और वे इस सुविधा का लाभ नही ले सकेंगे ।

NAD Portal पर पहुंच को सुगम करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा NAD Portal की Link विश्वविद्यालय की Website पर भी संयुक्त की गई है । संबंधित छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय की Website पर उपलब्ध NAD Portal के Link के माध्यम से भी इसकी Website पर पहुंच सकते है ।

आपको यह भी सूचित करना है कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय भारत सरकार के द्वारा प्रवर्तित उक्त कार्यकम में सकियतापूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान कर रहा है तथा इस हेतु पिछले 5 अकादिमक सत्रों अर्थात सत्र 2013–14, 2014–15, 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 (5 अकादमिक सत्रों) के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की उपाधि से संबंधित प्रमाण पत्रों तथा छात्र/छात्राओं के Database NAD Portal पर प्रेषित करने की कार्यवाही कर रहा है तथा वर्तमान अंतिम तीन सत्रों की कार्यवाही पूर्ण भी हो चुकी है ।

"राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार" (NAD) से संबंधित और भी महत्वपूर्ण जो भी जानकारियॉ/अभिलेख Online उपलब्ध है आपकी ओर संलग्न प्रेषित है कृपया अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को वेबसाइट पर अवलोकन करने हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें ।

उक्त प्रकिया एवं कार्यकम में संबंधित छात्र/छात्राओं की सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण है तथा NAD Portal पर उन्हें अपने शैक्षणिक रिकार्ड (प्रथमचरण में उपाधि प्रमाण पत्र) का अवलोकन कर एक बार निःशुल्क Download करने की सुविधा तभी प्राप्त हो सकती है जब वे NAD Portal पर अपना पंजीकरण कर अकाउंट स्थापित कर ले तथा इससे संबंधित पंजीयन

संख्या अंतिम वर्ष की अंक सूची सहित किसी भी माध्यम से परीक्षा शाखा को प्रेषित करेंगे ।

अधिकाधिक प्रचार प्रसार एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ ।

संलग्नः– NAD विवरणिका।

02/01/19
परीक्षा नियंत्रक ( कार्यवाहक )

क्रमांकः –393 / परीक्षा / NAD / 2019 बिलासपुर, दिनांक : 01.01.2019

**प्रतिलिपि :–**

01. कुलपति,एवं कुलसचिव जी के निज सचिव / निज सहायक को कुलपति महोदया एवं कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
02. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं अधिकाधिक प्रचार प्रसार की अपेक्षा के साथ प्रेषित ।
03. सहायक कुलसचिव (गोपनीय / अकादमिक) / वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ ।
04. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. समन्वयक, आई.टी.प्रकोष्ठ,सी.एस.आई.टी. विभाग को वेबसाइट में Upload करने हेतु प्रेषित।
06. कार्यालय प्रति ।

CSIT/990
03/1/19

1-1-2019
उप–कुलसचिव ( परीक्षा )